# डायमंड प्रोसेसिंग सोल्यूशन के लिए सूरत की STPL कंपनी को मिले 2 अवार्ड

**सूरत, 21 दिसंबर (SIT)।** सूरत शहर के हीरा उद्योग और गुजरात राज्य एवं पूरे देशके लिए सूरत के नाम 2 ऐतिहासिक गौरवशाली सीमाचिन्ह लिखे गए हैं। डायमंड प्रोसेसिंग सोल्यूशन के लिए विश्व अग्रणी एस.टी.पी.एल. के नाम गौरवशाली अवार्डस दर्ज किए गए हैं।

एसटीपीएल कंपनी के आर एंड डी मुजाल गज्जर को एक विश्व प्रसिद्ध प्रकाशन द्वारा फोटोनिक्स उद्योग में शीर्ष 100 सबसे नवीन लोगों में नामित किया गया है। प्रकाशन समूल इलेक्ट्रो ऑप्टिक्स यूरोप और दुनियाभर में फोटोनिक्स उद्योग से संबंधित विश्वसनीय और सटीक जानकारी और विश्लेषण प्रदान करने के लिए प्रसिद्ध है। पत्रिका द फोटोनिक्स 100 नामक एक वार्षिक सूची प्रकाशित करती है, जिसमें दुनिया के केवल 100 व्यक्तियों को रैंक किया जाता है। जिन्होंने विश्व स्तर पर उत्कृष्ट और महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

फोटोनिक्स प्रकाश किरणों की भौतिकी की शाखा है। विभिन्न प्रकार के जीवन अनुप्रयोगों में प्रकाश और विशेष रूप से लेजर बीम का उपयोग करने के विज्ञान और उद्योग में फोटोनिक्स एक बहुत ही महत्वपूर्ण क्षेत्र हैं। यहां गर्व की बात यह है कि श्री मुंजाल हमारे पक्के सूरती हैं और एक मूल गुजराती व्यक्ति हैं जो अब दुनिया के 100 सबसे इनोवेटिव लोगों में से एक हैं। एस.टी.पी.एल. कंपनी के श्री मुंजाल गज्जर ने फोटोनिक्स, विशेष रूप से लेजर टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में नवीन संशोधन के माध्यम से देश के संपूर्ण हीरा उद्योग को बदलने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने उसी तकनीक का उपयोग करके भारत में मेडिकल स्टेंट के उत्पादन को सक्षम करने में विशेष रूप से महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। एक ऐसी पहल जिसने भारत को मेडिकल स्टेंट के उत्पादन में आत्मनिर्भर बना दिया है।




एक और उल्लेखनीय बात यह है कि एसटीपीएल को कन्फेडरशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्रीज की 2022 की 50 सबसे नवीन कंपनियों की सूची में नामित किया गया है। एसटीपीएल कंपनी नए इनोवेशन और सोल्यूशन के जरिए हीरा उद्योग को लगातार नई गति दे रही है। लेजर टेक्नॉलोजी के अलावा, कंपनी ने अत्याधुनिक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रोबोटिक्स आधारित डायमंड प्रोसेसिंग सोल्यूशन को भी विकसित किया है। यही कारण है कि कंपनी को इस प्रतिष्ठित सूची में गौरवपूर्ण स्थान प्राप्त हुआ है। 1993 में स्थापित एसटीपीएल हीरा उद्योग के लिए अत्याधुनिक टेक्नॉलोजी सोल्यूशन विकसित कर रहा है। आज एसटीपीएल वैश्विक हीरा उद्योग में एकमात्र कंपनी है जो हीरे के एनालिसिस और प्लानिंग से लेकर डायमंड कटिंग, ब्लॉकिंग करने और सेफ डायमंड के व्यापार तक सभी प्रक्रियाओं के लिए संपूर्ण टेक्नॉलोजी सोल्यूशन विकसित करती है।